# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
COMPILED BY MEDIA CELL (04.04.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 04.04.2025, PAGE-04**

# बीआरएबीयू में राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू एवं राजाराम मोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन, कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में प्रौद्योगिकी संचालित वातावरण में पुस्तकालय एवं सूचना सेवाएं उभरती प्रवृत्तियों और चुनौतियों विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन शुक्रवार से होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र राय करेंगे। सम्मेलन सीनेट हॉल में आयोजित है।

विश्वविद्यालय केन्द्रीय पुस्तकालय के पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. कौशल किशोर चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम का समापन छह अप्रैल को होगा। उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह में कुलपति के अलावे मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. बालमुकुन्द पाण्डेय होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि उप महापौर डॉ. मोनालिसा एवं विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. विनय शंकर राय होंगे।

# बीआरएबीयू : छात्रों को अब सीधे कॉलेज से मिलेगी डिग्री

**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू में अब छात्रों को मूल प्रमाणपत्र सीधे उनके कॉलेज से मिलेगा। इसका निर्देश गुरुवार को उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. रेणु बाला ने जारी किया। अबतक विद्यार्थियों को डिग्री विवि के काउंटर से मिल जाती थी। नोटिस में कहा गया है कि छात्र डिग्री अपलोड होने के बाद अपने कॉलेज से संपर्क करेंगे। अबतक आवेदन करने के बाद छात्र विवि काउंटर से डिग्री ले पाते थे।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 04.04.2025, PAGE-06**

# बीआरएबीयू: पीजी दाखिले में एलएस कॉलेज अव्वल

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू के पीजी दाखिले में एलएस कॉलेज में सबसे ज्यादा नामांकन हुए हैं। पीजी में दाखिले की रिपोर्ट तैयार होने के बाद यह बात सामने आई है। एलएस कॉलेज के कई विषय में शत प्रतिशत नामांकन हुए हैं। एलएस कॉलेज के अलावा एमडीडीएम, आरबीबीएम और आरडीएस कॉलेज विद्यार्थियों की पहली पसंद हैं।

एलएस कॉलेज में बॉटनी, इतिहास, राजनीति विज्ञान और जूलॉजी में शत प्रतिशत दाखिले हुए हैं तो कॉमर्स, अंग्रेजी में 99 प्रतिशत दाखिले हुए हैं। एमडीडीएम कॉलेज में बॉटनी, हिन्दी, होमसाइंस, फिजिक्स, जूलॉजी में 90 से 95 प्रतिशत तक दाखिले हुए हैं। आरबीबीएम कॉलेज में साइकोलॉजी, होमसाइंस और हिन्दी में 90 प्रतिशत से अधिक दाखिले हुए हैं। आरडीएस कॉलेज में केमेस्ट्री, कॉमर्स, हिन्दी, हिस्ट्री जैसे विषयों की ज्यादा डिमांड रही है। पीजी दाखिले में विवि पीजी विभागों की मांग कॉलेजों से कम रही। इलेक्ट्रॉनिक्स में 54 सीटों पर 22 दाखिले ही हुए। अंग्रेजी में 166 सीटों पर 130, मैथिली में 92 सीटों पर 50, गणित में 220 सीटों पर 163, संस्कृत में 92 सीट पर 21, उर्दू में 92 सीट पर 72, परसियन में 38 सीट पर 11 दाखिले हुए।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**

**DATE: 04.04.2025, PAGE-06**

## स्नातक सेमेस्टर थ्री की परीक्षा शुरू

मुजफ्फरपुर ।बीआरएबीयू में गुरुवार को स्नातक सेमेस्टर थ्री सत्र 2023-27 की परीक्षा 46 केंद्रों पर शुरू हुई। परीक्षा में एक लाख दो हजार विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा दो पालियों में हुई। पहली पाली सुबह 9 से 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक हुई। पहले दिन ग्रुप ए की एमजेसी विषय की परीक्षा थी। ग्रुप ए में पोलिटिकल साइंस, केमेस्ट्री, फिलास्फी, मैथिली, होमसाइंस, एआईएच और अंग्रेजी विषय रखे गये थे।

## हॉस्टल आवंटन में भी देखा जायेगा अपार कार्ड

मुजफ्फरपुर । बीआरएबीयू में हॉस्टल आवंटन में छात्रों का अपार कार्ड भी देखा जायेगा। विवि प्रशासन इसकी तैयारी कर रहा है। विवि में पीजी में दाखिले के बाद अब हॉस्टल आवंटन की तैयारी चल रही है। विवि में पीजी गर्ल्स में अधिक और ब्वॉयज में कम आवेदन आ रहे हैं। उधर, गुरुवार को हॉस्टल आवंटन के लिए कई छात्राएं डीएसडब्ल्यू से मिली। छात्राओं को कहना था कि उन्हें जल्द से जल्द हॉस्टल का आवंटन किया जाये।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 04.04.2025, PAGE-06

### बीआरएबीयू : कुलपति की अध्यक्षता में हुई बैठक में लगी मुहर

# संबद्धता कमेटी से सिर्फ 12 कॉलेजों को मंजूरी

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में गुरुवार को कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में दोबारा संबद्धता कमेटी की बैठक हुई। बैठक में 12 कॉलेजों के संबद्धन को पास किया गया।

प्रॉक्टर सह मीडिया प्रभारी प्रो. विनय शंकर राय ने बताया कि संबद्धन के लिए 72 कॉलेजों ने आवेदन किया था। इनमें दो कॉलेजों की डबलिंग हो गई थी, इसलिए उन्हें पहले ही छांट दिया गया था। इसके बाद बचे 70 कॉलेजों में 17 ने जांच कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद 36 कॉलेजों की जांच रिपोर्ट विवि की टीम ने दी। जांच में कई कॉलेजों में भवन और लाइब्रेरी नहीं होने से उन्हें पहले ही छांट दिया गया था। 36 कॉलेजों की रिपोर्ट में 12 को संबद्धता कमेटी ने पास किया है। इसे ही सिंडिकेट और सीनेट में लेकर जाया जायेगा। जिन कॉलेजों ने संबद्धन से पहले फीस नहीं जमा की थी, उन्हें छांट दिया गया। ऐसे कॉलेजों की संख्या 24 है। बैठक में तय किया गया कि ये कॉलेज अगर फीस जमा कर देते हैं तो एक बार फिर से इनकी जांच की जायेगी।

**रजिस्ट्रार ने दी थी असहमति:** कॉलेजों की संबद्धता को लेकर रजिस्ट्रार प्रो. संजय कुमार ने राजभवन को असहमति भेज दी थी। अपनी असहमति में उन्होंने कॉलेजों की संबद्धता देने में कई प्रक्रियाओं के नहीं होने का जिक्र किया था, इनमें जांच से पहले फीस जमा नहीं करने की भी बात थी। एकेडमिक काउंसिल की बैठक में तय किया गया था कि कॉलेजों की संबद्धता पर कुलपति ही निर्णय लेंगे। इसलिए बिहार विवि में दोबारा संबद्धता कमेटी की बैठक हुई।

**70** कॉलेजों का आया संबद्धता के लिए आवेदन

- फीस जमा नहीं करने वाले कालेज छांटे गये

### आरसी कॉलेज में शुरू होगी पीजी की पढ़ाई

संबद्धता कमेटी की बैठक में आरसी कॉलेज में पीजी की पढ़ाई भी पास की गई है। कॉलेज में हिन्दी, इतिहास, मनोविज्ञान व भूगोल में पीजी की पढ़ाई शुरू होगी। इसके अलावा स्नातक विषय में भी मान्यता मिलेगी। बीआरएबीयू में एफलिशियन कमेटी में कॉलेजों की संबद्धता की फीस बढ़ गई है। कला के विषयों में संबद्धन के लिए अब ढाई लाख की जगह पांच लाख रुपये देने होंगे। विज्ञान विषय के लिए डेढ़ लाख की जगह अब तीन लाख रुपये फीस देनी होगी। अगली बार से बढ़ी हुई फीस प्रस्तावित कॉलेजों को जमा करनी होगी।

### इन कॉलेजों को मिली संबद्धता

- विजय नारायण सिंह कॉलेज, करनाल, मुजफ्फरपुर
- चंद्रभूषण पांडेय मीना देवी डिग्री कॉलेज, कमलपुरा पारू
- वेदांत इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी, शाहपुर तिवारी, लालगंज
- आचार्य दुर्वासा कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, ध्रुवनगर, सीतामढ़ी
- शशि राज कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, बखरी, सीतामढ़ी
- बरूहट महाविद्यालय, हरनाटांड पश्चिम चंपारण
- चंपारण कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, पहाड़पुर, अरेराज, पूर्वी चंपारण
- सरस्वती बलराम सिंह कॉलेज, पातेपुर, वैशाली
- एसएनवीडी कॉलेज, कल्याणपुर, पूर्वी चंपारण
- नरोत्तम मिश्रा मेमोरियल डिग्री कॉलेज, शिवहर
- रामेश्वर महावीर इवनिंग डिग्री कॉलेज, हरसिद्धि, मोतिहारी
- रामश्रेष्ठ सिंह कॉलेज, चोवहां (कॉमर्स में अस्थाई संबद्धन)

### आज सिंडिकेट की बैठक में रखा जायेगा प्रस्ताव

बीआरएबीयू में शुक्रवार को सिंडिकेट की बैठक होगी। बैठक में कॉलेजों के एफलियेशन के प्रस्ताव को रखा जायेगा। विवि में 12 अप्रैल को सीनेट की बैठक होनी है। उससे पहले दो सिंडिकेट की बैठक होती है। इसी के तहत शुक्रवार को सिंडिकेट की बैठक होगी। बैठक में आईएमसी के प्रस्तावों को भी पास करने को रखा जायेगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**DAINIK JAGRAN**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:04.04.2025**
**PAGE-06**

## आठ तक 200 रुपये विलंब के साथ भरा जाएगा परीक्षा फार्म

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी गई है। अब छात्र-छात्राएं 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ आठ अप्रैल तक परीक्षा फार्म भर सकेंगी। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से निर्देश जारी किया गया है। पीजी सत्र 2023-25 के तहत पिछले महीने परीक्षा फार्म भरने की तिथि जारी की गई थी। अभी काफी संख्या में छात्र-छात्राएं परीक्षा फार्म नहीं भर सके हैं। इसी आधार पर विश्वविद्यालय ने तिथि विस्तारित की है। परीक्षा नियंत्रक डा.सुबालाल पासवान ने सभी पीजी विभागाध्यक्षों व प्राचार्यों को निर्देश जारी किया है।

**DAINIK JAGRAN,**
**MUZAFFARPUR**
**DATE: 04.04.2025**
**PAGE-06**

## काउंटर से नहीं मिलेगी डिग्री

मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अब छात्र-छात्राओं को काउंटर से डिग्री नहीं मिलेगी। उन्हें इसके लिए संबंधित महाविद्यालय या पीजी विभाग में पहुंचना होगा। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से आदेश जारी किया गया है। डिप्टी कंट्रोलर ने अधिसूचना जारी की है। बताया गया है कि डिग्री आनलाइन अपलोड होने के बाद वे इसे चेक करते हुए संबंधित कालेज या पीजी विभाग में जाकर प्राप्त करेंगे। उल्लेखनीय है कि पहले भी कई बार कालेजों में डिग्री भेजे जाने के संबंध में आदेश जारी हो चुका है। इस पर विद्यार्थियों ने सवाल उठाए हैं। (जासं)

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 04.04.2025, PAGE-06

# मानक पूरा करने वाले 12 कालेजों के संबंधन प्रस्ताव को मंजूरी

- एकेडमिक काउंसिल की बैठक में संबद्धता को लेकर सदस्यों की आपत्ति के बाद हुई समीक्षा
- कुलपति प्रो. डीसी राय की अध्यक्षता में हुई न्यू टीचिंग एंड एफिलिएशन कमेटी की बैठक

**24** कालेजों का प्रस्ताव रखा जाएगा सिंडिकेट बैठक में



जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में मानकों को पूरा करने वाले 12 कालेजों के संबंधन प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसमें वे सभी कालेज शामिल हैं जिन्होंने निरीक्षण से पहले इंस्पेक्शन शुल्क जमा कराया था। गुरुवार को कुलपति प्रो. डीसी राय की अध्यक्षता में न्यू टीचिंग एंड एफिलिशन कमेटी की समीक्षा बैठक हुई। इसमें एकेडमिक काउंसिल की बैठक में कालेजों के संबंधन प्रस्ताव में मानकों का पालन नहीं करने का आरोप लगा सदस्यों ने सवाल उठाए थे। आपत्तियों के आधार पर कालेजों के संबंधन प्रस्ताव की समीक्षा हुई। इसमें निर्णय लिया गया है कि केवल 12 कालेजों के संबंधन प्रस्ताव को ही मंजूरी प्रदान की जाए। वहीं बाकी कालेजों के संबंधन प्रस्ताव पर शुक्रवार को होने वाली सिंडिकेट की बैठक में निर्णय होगा। इसके लिए सिंडिकेट के सदस्यों से प्राप्त मंतव्य के आधार पर कालेजों की संबद्धता पर निर्णय होगा। अगर सहमति बनती है तो बाकी कालेजों के संबंधन की जांच के लिए कुलपति को अधिकृत करते हुए निर्णय लिया जा सकता है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के प्राक्टर प्रो.बीएस राय ने बताया कि न्यू टीचिंग एंड एफिलिएशन कमेटी की बैठक में 12 कालेजों के संबंधन प्रस्ताव को मंजूर किया गया है। वहीं अन्य 24 कालेजों का प्रस्ताव सिंडिकेट की बैठक में रखा जाएगा। पिछले दिनों एकेडमिक काउंसिल की बैठक में कई कालेजों को मानक पर खड़ा नहीं उतरने का आरोप लगाया गया था। एकेडमिक काउंसिल ने संबद्धता पर निर्णय के लिए कुलपति को अधिकृत किया था। इसी आधार पर कुलपति की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई है। दूसरी ओर बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के इंस्पेक्टर आफ कालेजेज आट्र्स डा. राजीव कुमार ने बताया कि पिछले महीने हुई न्यू टीचिंग एंड एफिलिशन कमेटी की बैठक में 36 कालेजों को संबद्धता प्रदान करने का निर्णय हुआ था। बाद में एकेडमिक काउंसिल में हुए निर्णय के बाद समीक्षा बैठक हुई है। बाकी 24 कालेजों के प्रस्ताव को मंजूरी के लिए सिंडिकेट की बैठक में रखा जाएगा। अगर जरूरत पड़ती है तो सिंडिकेट में हुए निर्णय के आधार पर कालेजों की जांच दुबारा कराई जाएगी। बैठक में प्राक्टर प्रो. बीएस राय, डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह, सभी संकायाध्यक्ष और जांच समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATEA:04.04.2025, PAGE-04


## विलंब शुल्क के साथ आठ तक भर सकेंगे फॉर्म

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में पीजी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी गयी है. विवि ने इसके निर्देश जारी किये हैं. अब छात्र-छात्राएं 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ आठ अप्रैल तक परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे. अब भी काफी संख्या में छात्र-छात्राएं परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाये हैं. इसी के आधार पर विवि ने तिथि बढ़ायी है. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने सभी पीजी विभागाध्यक्षों व प्राचार्यों को निर्देश जारी किये हैं. पीजी सत्र 2023-25 के तहत पिछले महीने परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी की थी.

## विवि के केंद्रीय पुस्तकालय में आज से सेमिनार की शुरुआत

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू व राजाराम मोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन, कोलकाता के संयुक्त तत्त्वावधान में विवि के केंद्रीय पुस्तकालय सीनेट हॉल में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेमिनार होगा. प्रौद्योगिकी संचालित वातावरण में पुस्तकालय एवं सूचना सेवाएं उभरती प्रवृत्तियों और चुनौतियों विषय पर सेमिनार का उद्घाटन वीसी प्रो दिनेश चंद्र राय करेंगे. पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ कौशल किशोर चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम चार अप्रैल से शुरू होगा. वहीं छह अप्रैल को सीनेट हॉल में समापन होगा. मुख्य अतिथि अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ बाल मुकुंद पांडेय होंगे. मुख्य रूप से स्वामी विवेकानंद स्कूल ऑफ लाइब्रेरी साइंस, आसाम के प्रोफेसर प्रो मनोज सिन्हा के अलावा बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर केंद्रीय विवि, लखनऊ स्थित पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के प्रो एमपी सिंह, बीएचयू के केन्द्रीय पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ डीके सिंह सहित अन्य शामिल होंगे.

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**

**DATE:04.04.2025, PAGE-04**


# 24 कॉलेजों की संबद्धता पर सिंडिकेट में अब लेंगे फैसला

- 12 कॉलेज पूरा कर रहे हैं मानक, वीसी ने कमेटी के साथ की समीक्षा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने न्यू टीचिंग एंड एफिलिएशन कमेटी के साथ समीक्षा बैठक की. एकेडमिक काउंसिल की बैठक में आयी आपत्तियों के आधार पर कॉलेजों के संबंधन प्रस्ताव की समीक्षा की गयी. शुक्रवार को सिंडिकेट की बैठक होनी है, जिसमें संबंधन सहित अन्य प्रस्ताव स्वीकृति के लिए रखे जायेंगे.

विवि से नये सत्र की संबद्धता के लिए प्रस्तावित 12 कॉलेज सभी मानक पूरा कर रहे हैं. इन कॉलेजों को संबद्धता देने पर न्यू टीचिंग एंड एफिलिएशन कमेटी के साथ ही एकेडमिक काउंसिल की भी सहमति मिल गयी है. वहीं, 24 कॉलेजों के संबंधन पर सिंडिकेट की बैठक में निर्णय होगा.

पिछले महीने एकेडमिक काउंसिल की बैठक हुई थी. इसमें कॉलेजों के संबंधन को लेकर कुछ आपत्तियां आयी थीं. इसके चलते अंतिम निर्णय वीसी पर छोड़ दिया गया है. इसमें एक बिंदु इंस्पेक्शन फीस को लेकर भी था, जिसमें कहा गया कि कई कॉलेज इंस्पेक्शन कराने के बाद फीस जमा



किए हैं. जबकि, नियमानुसार फीस इंस्पेक्शन से पहले जमा होनी चाहिए. समीक्षा में पाया गया कि टीम ने जिन 17 कॉलेजों को रिजेक्ट कर दिया है, उसमें सभी ने पहले ही फीस जमा कर दी है. मामले में इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज प्रो राजीव कुमार ने बताया कि इंस्पेक्शन टीम ने 36 कॉलेजों को संबंधन देने की स्वीकृति दी है. इसमें कुछ कॉलेजों को सभी विषयों में संबंधन स्वीकृत किया गया है.

मानक पूरा नहीं करने वाले कॉलेजों को आंशिक संबंधन देने का भी निर्णय हुआ है. इसमें 12 कॉलेजों की फीस पहले जमा है. वहीं 24 कॉलेजों की फीस बाद में जमा करायी गयी है. समीक्षा बैठक के दौरान कुलपति ने कहा कि सभी प्रस्ताव सिंडिकेट की बैठक में रखे जायेंगे. सिंडिकेट की अनुमति के बाद ही विचार करके प्रस्ताव को मंजूरी दी जायेगी.